पंजीयन संख्या : 413/जयपुर/96-97 || श्री परशुरामाय नमः || मो.- : 9783870709, 9530387521

# अखिल राजस्थान परशुवंशीय आदिगौड़ ब्राह्मण महासभा

धर्मशाला भवन : फ्रेंडस कोलोनी, पुष्कर, जिला अजमेर – 305022 (राज.)
Website : aadigaurbrahman.com

समस्त साधारण सदस्य,

अखिल राजस्थान परशुवंशीय आदि गौड़ ब्राह्मण महासभा

**|| जय भगवान श्रीपरशुरामजी की ||**

**महासभा की केन्द्रीय कार्यकारिणी के चुनाव की सूचना**

केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 10-02-2025 में पारित प्रस्ताव के अनुरूप केन्द्रीय कार्यकारिणी के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की निम्न प्रकार से की जाती है :-

**: निर्वाचन कार्यक्रम :**

| दिनांक | समय | कार्यक्रम | स्थान |
|---|---|---|---|
| 18-05-2025 | प्रात: 10 बजे | मतदाता सूची का प्रकाशन | धर्मशाला भवन पुष्कर और महासभा का व्हाट्सएप ग्रुप |
| 20-05-2025 | सायं 5 बजे तक | मतदाता सूची पर आपत्ति का समय | धर्मशाला भवन पुष्कर /अध्यक्ष/सचिव के वाट्सएप नंबर पर |
| 21-05-2025 | सायं 5 बजे तक | अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन | धर्मशाला भवन पुष्कर और महासभा का व्हाट्सएप ग्रुप |
| 25-05-2025 | प्रात: 8 से 10 बजे तक | पधारे हुए सदस्यों का पंजीकरण | धर्मशाला भवन पुष्कर |
| 25-05-2025 | प्रात: 10:15 बजे | चुनाव अधिकारी की नियुक्ति (वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा) | धर्मशाला भवन पुष्कर |
| 25-05-2025 | प्रात: 10.20 से 11. बजे तक | मनोनयन पत्रों की प्राप्ति एवं जाँच | धर्मशाला भवन पुष्कर |
| 25-05-2025 | पूर्वाह्न 11.15 से 11.30 बजे तक | मनोनयन पत्रों की वापसी | धर्मशाला भवन पुष्कर |
| 25-05-2025 | अपरान्ह 12.15 बजे | सर्वसम्मति से चुनाव होने पर चुनाव अधिकारी द्वारा नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा एवं शपथग्रहण | धर्मशाला भवन पुष्कर |
| 25-05-2025 | अपराहन 12.30 से 1.30 बजे तक | भोजनावकाश | धर्मशाला भवन पुष्कर |
| 25-05-2025 | अपराहन 1.30 से 3.30 तक | मतदान यदि सर्वसम्मति न हो या किसी पद पर एक से अधिक उम्मीदवार हो | धर्मशाला भवन पुष्कर |
| 25-05-2025 | अपरान्ह 4.00 बजे | मतगणना उपरांत चुनाव अधिकारी द्वारा नवगठित कार्यकारिणी की घोषणा एवं शपथग्रहण | धर्मशाला भवन पुष्कर |

पंजीयन संख्या : 413/जयपुर/96-97 || श्री परशुरामाय नमः || मो.- : 9783870709, 9530387521

# अखिल राजस्थान परशुवंशीय आदिगौड़ ब्राह्मण महासभा

धर्मशाला भवन : फ्रेंडस कोलोनी, पुष्कर, जिला अजमेर – 305022 (राज.)

Website : aadigaurbrahman.com

चुनाव हेतु पद : 1.अध्यक्ष (एक) 2.उपाध्यक्ष (एक) 3.सचिव (एक) 4.कोषाध्यक्ष (एक) 5.संगठन सचिव (एक) 6.अंकेक्षक (एक) तथा 7.कार्यकारी सदस्य (बारह) – प्रत्येक मंडल से दो-दो सदस्य |

नोट :-

1. पद क्रम संख्या 1 से 6 के चुनाव में सभी उपस्थित साधारण सदस्य भाग लेंगे तथा पद संख्या 7 के चुनाव में मंडल विशेष के सदस्य भाग लेंगे | किसी मंडल के सदस्य अनुपस्थित होने पर चुनाव अधिकारी अपने विवेक से रिक्त पद किसी दूसरे मंडल को आवंटित कर सकता है |
2. यह केवल चुनाव कार्यक्रम है | अभी आम सभा का आह्वान नहीं किया है | अंत: कोरम संबंधी प्रावधान इस कार्यक्रम पर प्रभावी नहीं होंगे | रविवार दिनांक 25-05-2025 को धर्मशाला भवन में उपस्थित सदस्य निर्वाचन कार्यक्रम को संपन्न करेंगे |
3. मनोनयन पत्र चुनाव अधिकारी के पास दिनांक 25-05-2025 को प्रात: 10.20 बजे उपलब्ध रहेंगे |
4. आवश्यक होने पर चुनाव अधिकारी हाथ उठाकर/गुप्त मतदान से या जैसे भी उचित समझे, चुनाव संपन्न कराएगा |
5. सभी निर्वाचित केन्द्रीय कार्यकारिणी पदाधिकारी और कार्यकारी सदस्य अवैतनिक होंगे |
6. परशुराम जन्म महोत्सव 29-04-2025 से चुनाव संपन्न होने तक महासभा के नए सदस्य बनाने की प्रक्रिया बंद रहेगी | सभी मंडल इस निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करें |
7. चुनाव संबंधी नियमों की जानकारी हेतु महासभा के विधान एवं नियमावली के नियम सं. 21 से 23 का अवलोकन करें |
8. चुनाव संबंधी सभी सूचनाएं महासभा के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप **'जय पुष्कर महासभा'** और महासभा की वेबसाइट : **aadigaurbrahman.com** पर प्रसारित की जाएगी |

महासभा के सभी साधारण सदस्यों से अनुरोध है कि रविवार दिनांक 25-05-2025 को समय पर अधिकाधिक संख्या में धर्मशाला भवन, फ्रेंड्स कॉलोनी देवनगर रोड़ पुष्कर में उपस्थित होकर चुनाव कार्यक्रम को सफल बनाएं | शनिवार दिनांक 24-05-2025 को शाम पहुँचने वाले सदस्यों के लिए धर्मशाला भवन में समुचित व्यवस्था उपलब्ध रहेगी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| स्थान : पुष्कर | माल दास कुलीचवाल | बालकृष्ण शर्मा 'काक' | ओमप्रकाश तिवाड़ी |
| दिनांक : 21-04-2025 | कोषाध्यक्ष | सचिव | अध्यक्ष |